Series : ABCD4/3

SET – 1

प्रश्न–पत्र कोड **2/3/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं ।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में 7 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । *

हिन्दी (आधार)
HINDI (Core)

निर्धारित समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 40*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

(i) इस प्रश्न–पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।

*(ii) इस प्रश्न–पत्र में **दो** खंड हैं । **खंड–क** और **खंड–ख** ।*

*(iii) इस प्रश्न–पत्र में कुल **07** प्रश्न पूछे गए हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

(iv) प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।

खंड – क

(कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन) (20)

1. निम्नलिखित दिए गए तीन शीर्षकों में से **किसी एक** शीर्षक का चयन कर लगभग **200** शब्दों का एक रचनात्मक लेख लिखिए : **1 × 5 = 5**

   - कितना कुछ देती है प्रकृति
   - जब अचानक भू–स्खलन हुआ
   - मोबाइल खेलों की बढ़ती लत

2. (a) आपके पैतृक गाँव में उच्च शिक्षण–संस्थानों की कमी है । किसी प्रमुख हिंदी समाचार–पत्र के सम्पादक को पत्र लिखकर ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षण–संस्थानों के अभाव का उल्लेख कीजिए और उन क्षेत्रों में उच्च शिक्षण संस्थान खोलने का सुझाव दीजिए । **5**

   अथवा

   (b) आप अपने घर के पास स्थित मॉल में खरीददारी करने गए । खरीददारी करने के उपरांत आपने पाया कि आपकी स्कूटी निर्धारित स्थान पर नहीं है । थाना जाने पर आपकी शिकायत भी नहीं लिखी गई । पूरी जानकारी देते हुए क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त/अधीक्षक को पत्र लिखिए । **5**

*

3. (i) (a) कहानी और नाटक में क्या अंतर है ? दोनों के मूल तत्त्वों की समानता बताते हुए अंतर स्पष्ट कीजिए । **3**

   अथवा

   (b) कहानी के पात्रों को नाट्य रूपांतरण में किस प्रकार प्रभावशाली बनाया जा सकता है ? उदाहरण सहित लिखिए । **3**

   (ii) (a) रेडियो नाटक के लिए किन तीन मुख्य बातों का विचार करना चाहिए और क्यों ? **2**

   अथवा

   (b) रेडियो नाटक का लेखन सिनेमा और रंगमंच के लेखन से भिन्न कैसे है ? **2**

4. (i) (a) समाचार लेखन की सबसे लोकप्रिय, उपयोगी और बुनियादी शैली कौन सी है ? उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । **3**

   अथवा

   (b) विशेष लेखन से क्या अभिप्राय है ? इसकी भाषा शैली संबंधी विशेषताओं का आधार क्या होता है और क्यों ? **3**

   (ii) (a) बीट रिपोर्टर बनने के लिए क्या–क्या तैयारियाँ करनी पड़ती हैं ? उदाहरण सहित समझाइए । **2**

   अथवा

   (b) नए एवं अप्रत्याशित विषयों पर लेखन से आप क्या समझते हैं ? यह एक चुनौती कैसे है ? **2**

खंड – ख

(पाठ्य–पुस्तक और अनुपूरक पाठ्य–पुस्तक) (20)

5. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **(2 × 3 = 6)**

(i) 'उषा' कविता के आधार पर बताइए कि कविता में भोर के नभ को राख से लीपा, गीला चौका क्यों कहा गया है । **3**

(ii) 'लक्ष्मण–मूर्च्छा और राम का विलाप' प्रसंग के आधार पर बताइए कि पंख के बिना पक्षी और सूँड के बिना हाथी की क्या दशा होती है ? कविता में इनका उल्लेख क्यों किया गया है ? **3**

(iii) "आँगन में ठुनक रहा है जिदयाया है
बालक तो हई चाँद पै ललचाया है"

'रुबाइयाँ' की उपर्युक्त पंक्तियों में बालक की कौन सी विशेषता अभिव्यक्त हुई है ? **3**

6. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **(3 × 3 = 9)**

(i) 'पहलवान की ढोलक' कहानी से क्या संदेश मिलता है ? अपने शब्दों में लिखिए । **3**

(ii) 'सीमा के आधार पर बँटे होने पर भी भारत और पाकिस्तान की जनता के दिलों में एक ही धड़कन है, जो एक दूसरे से मिलने के लिए आतुर है ।' 'नमक' कहानी के आधार पर इस कथन को सिद्ध कीजिए । **3**

(iii) डॉ. आंबेडकर की कल्पना के आदर्श समाज की आधारभूत बातें संक्षेप में लिखिए । **3**

(iv) 'श्रम–विभाजन और जाति–प्रथा' पाठ के आधार पर बताइए कि मनुष्य को पेशा बदलने की आवश्यकता क्यों पड़ती है ? पेशा बदलने की स्वतंत्रता न होने से क्या परिणाम होता है ? **3**

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(3 + 2 = 5)**

(i) (a) उन तथ्यों का उल्लेख कीजिए जो लेखक की इस मान्यता की पुष्टि करते हैं कि "सिंधु घाटी सभ्यता समृद्ध थी परंतु उसमें भव्यता का आडंबर नहीं था" । **3**

अथवा

(b) 'ऐन फ्रैंक की डायरी' पिछले 50 वर्षों में विश्व में सबसे अधिक पढ़ी गई पुस्तकों में से एक है । इस डायरी में ऐसी क्या विशेषताएँ हैं ? लिखिए । **3**

(ii) (a) 'मुअन जो–दड़ो' के बड़े घरों में छोटे कमरे होने का क्या कारण था ? **2**

अथवा

(b) 'ऐन फ्रैंक की डायरी' उसकी निज़ी भावनात्मक उथल–पुथल का दस्तावेज भी है । इस कथन की विवेचना कीजिए । **2**